Indian School Al Wadi Al Kabir
Pre - Mid Term Model Paper
Subject-Hindi

Class: IX — Max Marks: **30**
Date: 01.05.2024 — Time - **1hr**

General Instructions:

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of **7** questions divided into **4** Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of **4** printed pages.*

खंड - क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 7

जीवन एक निरंतर चलने वाला संग्राम है । संसार का एक सनातन नियम है कि यहाँ शक्तिशाली जीवित रहता है, वही विजय प्राप्त करता है । अत: इस विजय संग्राम में विजय प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को यथासंभव शक्ति संपन्न होना चाहिए । क्योंकि वह अकेला और संगहीन संसार की समस्याओं और विषमताओं का सामना नहीं कर सकता, इसलिए उसे कुछ मित्रों की आवश्यकता पड़ती है । मनुष्य जब संसार की जीवन यात्रा आरंभ करता है तो उसे सबसे बड़ी कठिनाई मित्र खोजने में होती है । क्या प्रत्येक सहायक को मित्र कहा जाए । क्रमश: व्यक्ति का लोगों से परिचय बढ़ता जाता है और कुछ ही दिनों में यह परिचय मित्रता का रूप धारण कर लेता है । परन्तु यही वह समय है जब मनुष्य को अत्यधिक सावधान रहने की आवश्यकता होती है । एक सच्चा मित्र इस संसार में हमारा सबसे बड़ा रक्षक होता है । विपत्ति में हमारी रक्षा करता है तथा निराशा में हमें उत्साह देता है । जीवन को पवित्र बनाने वाला और दोषों को दूर करने वाला होता है । मित्र हमें बुरे पथ से हटाकर सुपथ पर चलने के लिए प्रेरित करता है ।

(क) 'संग्राम' शब्द का अर्थ है -

(i) समाज (ii) युध्द (iii) सनातन (iv) साहस

(ख) संसार का सनातन नियम क्या है ?

(i) यहाँ शक्तिहीन ही जीवित रहता है । (ii) यहाँ शक्तिशाली ही मर जाता है ।

(iii) यहाँ निर्बल की विजय होती है । (iv) यहाँ शक्तिशाली ही जीवित रहता है ।

(ग) मनुष्य जब संसार की यात्रा आरंभ करता है तब उसे सबसे बड़ी कठिनाई होती है -

(i) मित्र खोजने की।   (ii) मित्र खोने की।

(iii) मित्र रखने की   (iv) जीवन चलाने की

(घ)संसार में हमारा सच्चा मित्र किसके समान होता है ?

(ङ) सच्चे मित्र हमें कहाँ से हटाकर कहाँ चलने के लिए प्रेरित करते हैं ?

खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण- बहुविकल्पी प्रश्न)

प्रश्न 2. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर व्यावहारिक व्याकरण के आधार पर दीजिए-1x6=6

1. **स्वतंत्र, सार्थक ध्वनि-समूह को क्या कहते हैं ? उदाहरण सहित बताइए।**
2. छात्र **<u>मैदान</u>** में खेल रहे हैं। - इस वाक्य में मैदान को क्या कहेंगे ?
3. शुद्ध रूप चुनिए-

   क) महिलाए   ख) महिलाएँ   ग) महिलाँ   घ) महिलामं
4. **सही शब्द होगा-**

   क) स्वयं   ख) स्ब्यम   ग) सबय्म   घ) सवयं
5. **' ; ' विराम चिह्न का क्या नाम है ?**
6. कागज, पेंसिल, रबर और कलम ले आना में कौन-सा विराम चिह्न प्रयोग हुआ है ?

खंड - ग (पाठ्य पुस्तक)

प्रश्न 3. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर पाठ्य पुस्तक-स्पर्श-1 के आधार पर दीजिए-1x4=4

1. गरीब औरत खरबूजे बेचने कहाँ बैठी थी ?

   क) फुटपाथ पर   ख) ठेले पर

   ग) बरामदे में   घ) गली में
2. भगवाना की शहर के पास कितनी ज़मीन थी?

   क) चार बीघा   ख) डेढ़ बीघा

   ग) छह बीघा   घ) पाँच बीघा
3. किसके काटने से भगवाना की मृत्यु हुई?

   क) कुत्ते के काटने से   ख) बिच्छु के काटने से

   ग) साँप के काटने से   घ) शेर के काटने से
4. खरबूजे बेचने वाली क्या कर रही थी ?

   क) रो रही थी   ख) हँस रही थी

   ग) सोच रही थी   घ) मोलभाव कर रही थी
5. लेखक का मन व्यथित क्यों हो गया ?

   क) स्त्री का रोना देख कर   ख) अपनी बेबसी पर

ग) समाज की क्रूरता पर　　　　घ) खरबूज़े देख कर

प्रश्न 4. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर पाठ्य पुस्तक-स्पर्श-1 के आधार पर दीजिए-1x4=4

1. कवि ने प्रभु से अपना क्या संबंध बताया है?

क) तुम हीरा और मैं रस्सी　　　　ख) तुम मोती और मैं धागा

ग) तुम सीप और मैं मोती　　　　घ) तुम लॉकेट और मैं चेन

2. भगवान ____________ करते हुए किसी से नहीं डरते हैं। उचित विकल्प से रिक्त स्थान पूर्ति कीजिए।

क) नीच को ऊँच　　　　ख) ऊँच को ऊँच

ग) नीच को नीच　　　　घ) ऊँच को नीच

3. **रात भर चाँद को कौन देखता रहता है?**

(क) चकोर　　ख) कबूतर　　ग) उल्लू　　घ) तोता

4. 'जैसे सोनहिं मिलत सुहागा' में कौन - सा अलंकार है ?

क) उपमा　　　　ख) अनुप्रास

ग) उत्प्रेक्षा　　　　घ) मानवीकारण

5. कवि के अनुसार भक्त का अस्तित्व समा जाता है -

क) धरती में　　　　ख) अपने अराध्य में

ग) मिट्टी में　　　　घ) पञ्चतत्व में

प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए :　　2

(i) बाजार के लोग खरबूज़े बेचने वाली स्त्री के बारे में क्या-क्या कह रहे थे ? अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) इस पाठ का शीर्षक 'दुःख का अधिकार' कहाँ तक सार्थक है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 6. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए :　　2

(i) पहले पद में भगवान और भक्त की जिन-जिन चीज़ों से तुलना की गई है, उनका उल्लेख कीजिए।

(ii) रैदास के इन पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

खंड - घ (अनुच्छेद लेखन)

प्रश्न 7. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :　　5

(i) वृक्षारोपण: एक आवश्यकता

संकेत बिंदु – आवश्यकता * वृक्ष : प्रकृति का अनुपम वरदान * पर्यावरण के रक्षक * हमारा कर्तव्य।

(ii) अनुशासन का महत्त्व

संकेत बिंदु - जीवन में समय की गति * सफलता का आधार * सही उपयोग कैसे करें

(iii) विद्यार्थी जीवन

संकेत बिंदु - जीवन का निर्माण काल * विद्यार्थी के लक्षण * विद्यार्थी के कर्तव्य

****